तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

10 जिंदल स्टेनलेस और आईआईएस की साझेदारी से उभरेंगे युवा खिलाड़ी



10 जबलपुर में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में लुवास ने लहराया परचम



**खबर संक्षेप**

### स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन पर काटे चालान

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने सेक्टर 14 और केंट क्षेत्र में निरीक्षण किया। जिसमें कुल 5 दुकानदारों के द्वारा स्वच्छता मानकों का पालन न करने पर जुर्माना किया गया। इस दौरान टीम ने दुकानदारों के द्वारा डस्टबिन न रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने पर किए गए। सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने कहा कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार टीम ने चालान के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया और साफ-सफाई को लेकर नियमों की जानकारी दी।

### महिलाओं ने सीखी आत्मरक्षा की तकनीक

**हिसार।** असामाजिक तत्वों का मुकाबला करने एवं आत्मरक्षा के लिए महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने निशुल्क प्रशिक्षण दिया। समाजसेवी व व्यवसायी संदीप कुमार द्वारा तेलियान पुल के पास आयोजित किए गए एक दिवसीय शिविर में कोच रोहतास कुमार ने महिलाओं को अपना बचाव करने की सरल तकनीक सिखाई। इसके साथ ही उन्होंने इस तकनीक का अभ्यास भी करवाया। इस अवसर पर प्रियंका, आरजू व हिमानी ने शिविर के प्रबंधन का कार्यभार संभाला।

### अस्पताल में फ्री आंखों का कैंप आयोजित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में मान आंखों के अस्पताल द्वारा फ्री आंखों का चैकअप कैंप लगाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कैंप का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मान अस्पताल के डॉ. जीएस मान व डॉ. गरिमा मान भी उपस्थित रहीं। शिविर में अनेक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

### जीवन में निरंतर मेहनत कर सफलता हासिल करें

**हिसार।** नजदीकी गांव ढाणी रायपुर निवासी समाजसेवी मदनलाल शर्मा व विक्रम सैनी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिकारपुर का दौरा किया। समाजसेवी मदन लाल शर्मा ने प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन में रहते हुए व निरंतर मेहनत कर जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पढ़ाई व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। अंत में स्टाफ सदस्यों तथा विद्यालय प्राचार्य राजकुमार श्योराण ने समाजसेवी मदन लाल शर्मा का धन्यवाद करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

### 15 एएनएम तथा 34 आशा वर्करों को कारण बताओ नोटिस थमाए

# असामान्य लिंगानुपात पर सख्ती, एसएमओ समेत अधिकारियों को भेजे 17 नोटिस

**निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने वाले जांच केंद्रों को 7 नोटिस, एक का लाइसेंस किया सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात मामले, नारकोटिक्स समन्वय समिति, पीसीपीएनडीटी एक्ट तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

**जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, नार्कोटिक्स समन्वय समिति तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक आयोजित**

पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेहतर लिंगानुपात के लिए चलाई जा रही योजनाओं व अभियान की समीक्षा के दौरान उपायुक्त अनीश यादव को अवगत करवाया गया कि जिन क्षेत्रों में असामान्य लिंगानुपात है, वहां के संबंधित एसएमओ तथा संबंधित अधिकारियों को 17 नोटिस जारी किए गए हैं। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में लापरवाही करने वाली 15 एएनएम तथा 34 आशा वर्करों को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। अभी तक 31 आशा वर्करों पर पेनल्टी लगाई गई है। पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट के दौरान किए गए निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने वाले जांच केंद्रों को 7 नोटिस दिए गए हैं तथा एक के लाइसेंस को सस्पेंड किया गया है।



हिसार। जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

#### ड्रग पैडलरों की सूचना पर तुरंत एक्शन लें : यादव

नारकोटिक्स समन्वय समिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त अनीश यादव को अवगत करवाया गया कि नशा प्रभावित व्यक्तियों की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि वे नशा छोड़ने के बाद दोबारा से इसके चंगुल में न फंसें। सितंबर माह के दौरान 7 हजार 119 व्यक्तियों में से 3 हजार 661 का फर्स्ट, 3 हजार 118 का सेकंड तथा 2 हजार 670 का थर्ड फॉलोअप किया गया। इस दौरान ड्रग पैडलर के संबंध में मिली सूचनाओं को पुलिस विभाग के साथ साझा किया जा रहा है। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को ऐसी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने की हिदायत दी।

#### अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों पर एफआईआर करो

डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि यदि किसी जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है, तो अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस दौरान डीसी ने जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध तथा किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात मामले की समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, डीआईओ दीपक भारद्धाज, जिला न्यायवादी दीपक लेघा, जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंडरपास मुद्दे को लेकर सर्व व्यापार मंडल ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**उकलाना।** में निर्माणाधीन अंडरपास को लेकर पिछले कई दिनों से क्षेत्रवासियों में गहमागहमी बनी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर सर्व व्यापार मंडल उकलाना के अध्यक्ष महेश बंसल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंडरपास निर्माण से जुड़ी जनसमस्याओं और आवश्यकताओं को विस्तार से रखा गया। मंत्री गंगवा ने अधिकारियों को फिज़िबिलिटी जांच करने के निर्देश दिए, ताकि स्थिति की वास्तविकता का आकलन किया जा सके और जल्द समाधान निकाला जा सके। इस अवसर पर रोशन मित्तल, रिंकू वर्मा, बलजीत नंबरदार, कपूर सिंह, जय सिंह गोदारा, सुनील भादू, कमल सिंगला, नीरज गर्ग आदि नागरिक उपस्थित रहे।

**मंत्री गंगवा ने अधिकारियों को फिज़िबिलिटी जांच करने के निर्देश दिए**

# हकृवि में हिन्दी दिवस कार्यक्रम आयोजित



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जबकि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य वक्ता रहे। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय पहचान है।

#### हिन्दी का प्रचार एवं जरूरी : डॉ. अग्निहोत्री

मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि हिन्दी का प्रचार एवं प्रसार करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक प्रान्त की अपनी-अपनी भाषाएं है। अपनी बात को सरल व सहज तरीके से प्रस्तुत करने का सबसे अच्छा माध्यम क्षेत्रीय भाषा है। आधुनिक युग में अगर हम सभी को जरूरत है तो व्याकरणिक दृष्टि से अपनी भाषा को सही तरीके से लिखने व बोलने की। इसलिए हमें आम बोलचाल में क्षेत्रीय भाषा को अधिक से अधिक प्रयोग में लाना चाहिए।

### बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

आदमपुर मंडी में पिछले चार दिनों से बिजली निगम द्वारा लंबे-लंबे अघोषित कटों से लोग बुरी तरह परेशान होकर रह गए है। एक तरफ सड़क न बनने से दुकानों में पहले से ही कामधंधे ठप होकर रह गए है वहीं सुबह से शाम तक बिजली न होने से दुकानदारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। दुकानदार मुकेश, विनोद, संदीप, जगदीश, कपिल, नरेश, सीताराम आदि ने बताया कि पिछले चार दिनों से बिना किसी सूचना के बिजली सुबह 10-11 बजे काट दी जाती है और शाम 6-7 बजे के बाद बिजली आती है।

#### लोगों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता

जब बिजली विभाग के कंपलेंट नंबर पर पूछा जाता है तो कहते है कि तारें बिछाने का काम चल रहा है। बिजली आने का कोई संतोषजनक जबाब नही दिया जाता। इस संबंध में जगदीश भादू ने बिजली निगम के एसडीओ से बात की तो उन्होंने बताया कि वे चंडीगढ़ गए है और जेई से पूछकर बताते है कि बिजली कब तक आएगी। यहां के लोगों व दुकानदारों ने ऐसे लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### प्राइवेट स्कूल संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बोर्ड चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** प्राइवेट स्कूल संघ का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ पवन कुमार शर्मा से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें प्राइवेट स्कूलों से संबंधित विभिन्न मांगो से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान बारे विस्तृत चर्चा की। सवा घंटा चली इस बैठक में बोर्ड की संबद्धता, एग्जाम ब्रांच व मांगों से संबंधित अन्य ब्रांच के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

## उकलाना क्षेत्रवासियों को मिली 50 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने उकलाना क्षेत्र वासियों को लगभग 50 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें पेयजल के लिए 6 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से भाखड़ा से आपूर्ति लाइन, 20 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से पुरानी पाइप लाइन बदलने व नई कॉलोनियों में पाइप लाइन डालने सहित 2 ट्रीटमेंट प्लांट तथा 23 करोड़ रुपये की सीवरेज पाइप लाइन की योजना शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव के दौरान जो वायदे जनता से किए गए थे, उन्हें चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है। सरकार के गठन के साथ ही 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों पर जॉइनिंग दी गई। डीएससी समाज को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। इसी प्रकार से महिलाओं को 2100 रुपये की राशि देने के लिए पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना आरंभ कर दी गई है। क्षेत्र के विकास के लिए भी जो वायदे किए गए थे, उन पर भी निरंतर काम किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उनसे स्वदेशी उत्पादों का अपनाने का आह्वान किया।

**लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने किया लोकार्पण**



उकलाना। विकास परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर मौजूद कैबिनेट मंत्री रणबीर

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, रणधीर सिंह धीरू, मार्केट कमेटी अध्यक्ष इंद्र सिंह ओला, उपाध्यक्ष आनंद जैन, महेश बंसल, डॉ. शमी नागपाल, रामफल नैन, मनबीर, विनोद, मोहन, बहादुर सिंह नंगथला, आशीष जोशी, संजीव रेवड़ी, राधिका, रामकेश बंसल, विनोद आदि उपस्थित रहे।*

**बरवाला बनेगा स्वच्छता का मॉडल शहर : रणबीर गंगवा**

- परियोजना में 4.00 एमएलडी और 5.50 एमएलडी क्षमता के दो (एसटीपी) स्थापित किए जाएंगे

## 50 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट परियोजना का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

शहर में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट परियोजना का मंगलवार को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शिलान्यास किया। इस परियोजना में 4.00 एमएलडी और 5.50 एमएलडी क्षमता के दो अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए जाएंगे, जिससे बरवाला की बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार के अनुसार सीवरेज प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस तकनीक से न केवल प्रदूषण पर नियंत्रण होगा, बल्कि भूमिगत जलस्तर की सुरक्षा और स्वच्छता की दिशा में भी बड़ा योगदान मिलेगा।



बरवाला। सीवरेज ट्रीटमेंट परियोजना के शिलान्यास अवसर पर उपस्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर जन स्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर टीआर पंवार, जन स्वास्थ्य विभाग के एसई विकास सिंगरोहा, तहसीलदार रामनिवास भादू, रामचंद्र गंगवा, हिसार द्वितीय ब्लॉक समिति के चेयरमैन अजय गावड़, नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरी वाला, वाईस चेयरमैन ताराचन्द नलवा, चेयरमैन मार्किट कमेटी प्रवीण सैनी, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, देवेन्द्र शर्मा, मुनीश गोयल, महेश शर्मा, रामकेश बंसल, पवन शर्मा, सुरेश गोयल, रोशन घणघस, सरपंच रोहताश दुग्गल, विजय सिंह, ज्योति बंसल, राजेंद्र श्योराण, अशोक मित्तल, पंकज बादल आदि उपस्थित थे।*

#### अपशिष्ट जल शोधन परियोजना

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि इस परियोजना के तहत शहर के अपशिष्ट जल को वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप शुद्ध किया जाएगा। मल शोधन से निकले अपशिष्ट जल का निपटान 560 एमएम ओडी एचडीपीई राइजिंग मेन पाइपलाइन के माध्यम से घिराय गांव के पास स्थित नाले में सुरक्षित तरीके से किया जाएगा।

## हिसार-वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का किया संचालन

- त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात के लिए शुरू की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04727, हिसार-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 15 अक्टूबर से 05 नवंबर तक (04 ट्रिप) हिसार से प्रत्येक बुधवार को 12.05 बजे रवाना होकर गुरूवार को 11.30 बजे वलसाड पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 04728, वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 16 अक्टूबर से 06 नवंबर तक (04 ट्रिप) वलसाड से प्रत्येक गुरूवार को 14.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 14.05 बजे हिसार पहुंचेगी।

#### इधर होंगे ठहराव

यह रेलसेवा मार्ग में हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाडी, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, किशनगढ, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत व नवसारी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 फर्स्ट मय सैकण्ड एसी, 01 सैकंड एसी, 05 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होंगे।

### संगठनों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

# आईपीएस वाई पूरन मामले में सर्वसमाज का प्रदर्शन, कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आईपीएस वाई पूरन सिंह सुसाइड मामले में क्रांतिमान पार्क में सर्वसमाज की बैठक हुई। इसमें विभिन्न संगठनों ने परिवार की मांगों को पूरा करने व इस मामले में गिरफ्तारी व एफआईआर दर्ज करने संबंधी मामले में अपना समर्थन दिया। कांग्रेस पार्टी की तरफ से कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया व अन्य नेता समर्थन देने पहुंचे और इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन भी दिया। जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी इस मामले में पूरी तरह से आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार के साथ है और उन्हें हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी चंडीगढ़ में परिवार को सांत्वना देने पहुंचे हैं, जिन्होंने सरकार से इस मामले में ड्रामेबाजी करने की बजाय सख्त कार्यवाही की मांग की है। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि एक आईपीएस अधिकारी द्वारा जातिगत प्रताडना झेलते हुए आत्महत्या करना बहुत बड़ी घटना है और इसके लिए भाजपा में व्याप्त जाति-पाति व धर्म की राजनीति जिम्मेदार है। इसके बावजूद हरियाणा सरकार द्वारा इस मामले में 7 दिन बीत जाने के बाद भी परिवार द्वारा आरोपियों की मांग को पूरा नहीं किया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है और यह दिवंगत आईपीएस के पार्थिक शरीर का अपमान है।



हिसार : कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया व अन्य उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए।



नारनौंद : एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

#### विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**नारनौंद।** एसडीएम कार्यालय के सामने विभिन्न संगठनों के लोग इकट्ठा हुए और वहां उन्होंने एडीजीपी वाई पूरन कुमार मामले को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा और कहा कि एडीजीपी मामले को लेकर निष्पक्ष जांच करवाकर आरोपियों को सख्त सजा देने का काम करे। किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि एडीजीपी सुसाइड मामले की सरकार को निष्पक्ष जांच करवाकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर एडीजीपी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए बनाई 31 सदस्यीय कमेटी के सदस्य कृष्ण माजरा ने कहा कि आज वाई पूरन कुमार को न्याय दिलाने के लिए हम नारनौंद एसडीएम कार्यालय में इकट्ठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार को 48 घंटे का समय दिया था।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।



हॉलीवुड मसाला



# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

टीवी मसाला



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आई। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी



सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात

***नई दिल्ली।*** *त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड' अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वनः राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग छात्रवृति योजना के लिए आवेदन 31 तक

**हिसार।** दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक और टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना जारी की है। जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा ने बताया कि इस योजना के तहत योग्य दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### आईटीआई में दाखिले का अंतिम मौका 17 तक

**हिसार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हांसी में सत्र 2025-26 के लिए रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। निदेशालय के निर्देशानुसार ऑन द स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया संस्थान स्तर पर 17 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह काउंसलिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी पहले आवेदन नहीं कर पाए थे, वे भी अब नए आवेदन भर सकते हैं।

### डीपीएस की खुशी तथा इशिका ने जीते पदक

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की जूडो खिलाड़ी इशिका चहल तथा खुशी चहल ने अपनी प्रतिभा, लगन और अनुशासन के बल पर विद्यालय का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है। 58वीं हरियाणा विद्यालय राज्य स्तरीय जूडो चैम्पियनशिप 2025-26, जो 3 से 5 अक्टूबर 2025 तक सोनीपत में आयोजित हुई, में विद्यालय की इन दो होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### सद्भावना मंच का प्रदर्शन कल, ज्ञापन सौंपेंगे

**उकलाना।** सद्भावना मंच की बैठक साबुद्दीन व प्रवीण गिल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें देश में बढ़ती असहिष्णुता, अन्याय और दलित समाज पर अत्याचार की घटनाओं पर चिंता जताई गई। मंच ने एडीजीपी वाई. पूरन सिंह की आत्महत्या और बिहार में हरिओम वाल्मीकि की हत्या की निंदा की। निर्णय लिया गया कि 16 अक्टूबर को पुरानी मार्केट कमेटी में विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### सरसों के उत्पादन पर प्रशिक्षण शिविर लगाया

**आदमपुर।** एचएयू के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोधपुर के तत्वावधान में क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन परियोजना के तहत गांव भाणा में सरसों के उत्पादन पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र के कोआर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र कुमार व जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप, डॉ. पंकज व डॉ. युगविंद्र ने सरसों की फसल में आने वाली समस्याएं कीट व बीमारियों की चर्चा व उनके समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों ने फसल अवशेष प्रबंधन करने व पराली न जलाने तथा स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने की शपथ भी ली।

## कैंटीन में रोजाना परोसी जाती है दाल-चावल, कढ़ी व रोटी

# अटल कैंटीन किसानों-श्रमिकों के लिए बनी सेवा का प्रतीक

**शुद्धता और स्वच्छता का रखा जाता है ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। अटल किसान श्रमिक कैंटीन में खाना तैयार करती स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य। फोटो :हरिभूमि

अनाज मंडी परिसर में संचालित अटल किसान श्रमिक कैंटीन पिछले पांच वर्षों से किसानों व श्रमिकों को सस्ता, शुद्ध और पौष्टिक भोजन की सुविधा प्रदान कर रही है। यह कैंटीन समाजसेवा और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। मात्र 10 रुपये में स्वादिष्ट और संतुलित भोजन उपलब्ध करवाना इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है।

कैंटीन में रोजाना दाल, चावल, कढ़ी, तवे की रोटी तथा मौसमी सब्जी परोसी जाती है। भोजन में शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। सब्जी सरसों के तेल में तैयार की जाती है ताकि स्वाद के साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा सके। कैंटीन में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भोजन की व्यवस्था रहती है, जिससे किसानों तथा श्रमिकों को अनाज मंडी में सहजता से भोजन मिल सके। अनाज मंडी में फसल खरीद सीजन के दौरान प्रतिदिन लगभग 400 लोग इस कैंटीन की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वहीं अन्य दिनों में भी लगभग 200 से 250 लोग यहां भोजन करते हैं। यह निरंतर सेवा किसानों और श्रमिकों के लिए बहुत ही अच्छी सुविधा का बड़ा माध्यम बनी हुई है।

### पारंपरिक व्यंजन भी होंगे शुरू

कैंटीन में सविता, सुमन, रीना, किताबो ,चमेली और सुशीला नामक महिलाएं पूरी लगन और समर्पण से भोजन तैयार करती हैं। वह हर रोज सुबह लगभग 7 बजे कैंटीन पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कैंटीन में माह में एक बार खीर और पुरी जैसे पारंपरिक व्यंजनो की व्यवस्था भी शुरू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि भोजन और अधिक विविधतापूर्ण हो सके। अटल किसान श्रमिक कैंटीन हांसी में किसानों के लिए सुविधा, सम्मान और सहयोग की मिसाल बन चुकी है। यह कैंटीन सामाजिक जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत कर रही है।

### पांच साल पहले हुई शुरू

लगभग पांच वर्ष पहले विधायक विनोद भयाना ने इस कैंटीन का शुभारंभ किया था। उन्होंने उस समय कहा था कि यह पहल न केवल किसानों की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने का भी माध्यम बनेगी। आज यह बात पूर्णतः सत्य साबित हो रही है, क्योंकि कैंटीन का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं कर रही हैं।

# तिरुपति धाम के ब्रह्मोत्सव में सिंह की सवारी में उमड़े श्रद्धालु

**पुष्करणी स्नान व द्वादश अराधन का किया विधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। तिरुपति धाम के ब्रह्मोत्सव में सिंह की सवारी शोभा यात्रा में उपस्थित अर्चक व श्रद्धालुगण।

श्री तिरुपति बालाजी धाम के ब्रह्मोत्सव में सिंह की भव्य सवारी धूमधाम से निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के उपरांत भगवान के विग्रह को सिंह की सवारी पर विराजमान किया गया। इसके उपरांत जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय तिरुपति बालाजी के उदघोष के साथ सवारी शोभा यात्रा आगे बढ़ी। अन्नत श्री विभूषित नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में निकाली गई इस सवारी शोभा यात्रा में काफी संख्या में ट्रस्टीगण व सदस्यण मौजूद रहे। सिंह की सवारी को रस्सों से खींचकर श्रद्धालुओं ने धाम की परिक्रमा की। ब्रह्मोत्सव में पुष्करणी स्नान व द्वादश अराधन का विधान भी पूरी निष्ठा से पूरा किया गया। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में इस दौरान दक्षिण भारत से पधारे अर्चकों व वाद्य यंत्र वादकों ने माहौल को आध्यात्मिक व सात्विक बनाए रखा।

### अनुदान के लिए 2 लाभार्थी ड्रॉ के माध्यम से चयनित

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन घटक अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन पर 65 प्रतिशत अनुदान के लिए प्राप्त आवेदनों का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले को 2 लक्ष्य प्राप्त हुए थे। जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा सही पाए गए 7 पात्र आवेदकों में से 2 लाभार्थियों का चयन ड्रॉ प्रणाली द्वारा कर लिया गया है। चयनित लाभार्थियों में ब्लॉक उकलाना के गांव खेड़ी से शमशेर तथा ब्लॉक नारनौंद के गांव मोहला से कुलदीप का चयन किया गया है।

# सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ 25 को

**चालीसा पाठ की तैयारियों के लिए बैठक आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

असंख्य भक्तों के आराध्य श्री हनुमान जी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए 15वां संगीतमय सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ व भजन संध्या का आयोजन 25 अक्टूबर को धूमधाम से किया जाएगा। देवी भवन के गोयंका सेवा सदन में सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ प्रातः 9 बजे शुरू होगा और रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ पूर्ण होगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों के लिए श्री हनुमत शक्ति जागरण समिति की बैठक देवी भवन में आयोजित की गई। अनिल गोयल ने बताया कि 25 अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ होगा। इस दौरान प्रभु श्रीराम व हनुमान जी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। सालासर से लाई गई ज्योत से 108 ज्योति दरबार में प्रज्ज्वलित की जाएंगी। इस बैठक में अनिल गोयल, रविंद्र गोयल, डॉ. राजेंद्र गुप्ता, दयाप्रकश सर्राफ, श्याम सोनी, लता सिंगल, जितेंद्र सोनी, प्रवीण गुप्ता, बिमला, मनोरमा गुप्ता, रमाशंकर, आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह 26 को

**हिसार।** आगामी 26 अक्टूबर को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रैली के संयोजक एवं पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने बताया कि मंगलवार को गांव सातरोड़, चिड़ोद, रावलवास, बालसमंद, डोबी, न्योली कलां, मिल गेट क्षेत्र वासियों को प्रदेश स्तरीय संत नामदेव जयंती समारोह को निमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार दूसरी बार नामदेव समाज के लोगों के साथ संत नामदेव जयंती मना रहे हैं।

# अमृता का भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में चयन

**डीसीएम स्कूल बिठमड़ा की छात्रा है अमृता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना



अमृता।

बिठमड़ा स्थित डीसीएम स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा अमृता (मीतू) ने अपने शानदार प्रदर्शन से देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अमृता का चयन तृतीय एशियन गेम्स हैंडबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 19 से 30 अक्टूबर 2025 तक बहरीन में आयोजित की जाएगी, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच अरुण ने बताया कि अमृता एक मेहनती, अनुशासित और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित राष्ट्रीय कैंप के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप उनका चयन भारतीय टीम में हुआ। डीसीएम स्कूल के चेयरमैन संजय डीसीएम ने मुख्य कोच अरुण, सचिन और कुलवीर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृता की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वह आने वाले समय में देश का नाम और ऊंचा करेंगी।

# 220 बालिकाओं की नेत्र जांच

**बालिका दिवस पर भारत विकास परिषद ने लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर



आदमपुर। भारत विकास परिषद द्वारा लगाए गए शिविर में आंखों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद, शाखा मंडी आदमपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लेडीज़ मार्केट में बालिकाओं के लिए प्रेरणादायी एवं समाजोपयोगी कार्यक्रम निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रबोधन का आयोजन किया गया। भाविप के प्रधान अनिल गोयल एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट अनिल गोयल ने की तथा संचालन सचिव दीपक गोयल ने किया। परिषद परिवार के वरिष्ठ सदस्य डॉ. विजय शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 280 बालिकाओं की निःशुल्क नेत्र-जांच की गई तथा निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। मानसिक स्वास्थ्य पर प्रबोधन सत्र सामान्य अस्पताल के एसएमओ डॉ. जय प्रकाश द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सोनिया मंगल, कोषाध्यक्ष राकेश मक्कड़, चंद्रशेखर शर्मा, मुकेश भूटानी, गुलशन खेतरपाल, राजकुमार गोयल, मांगेराम सिंगला, रजनीश गर्ग सहित विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आदमपुर में 3188 बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

**आदमपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3188 बच्चों को पिलाई पोलियो ड्राप पिलाई गई। इस तीन दिवसीय अभियान में आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी की एनएसएस टीम व फार्मेसी विभाग के स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

संस्थान के एनएसएस आफिसर डॉ.राकेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, विभिन्न बूथों पर तैनात रहकर तथा घर-घर जाकर कुल 3188 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। यह पूरा अभियान उपमंडल नागरिक अस्पताल, आदमपुर के नोडल अधिकारी डॉ. जयप्रकाश एवं सीनियर टेक्निकल आफिसर दलीप कुमार के निर्देशन में संचालित किया गया।

# पराली न जलाने बारे किसानों को करें जागरूक : एसडीएम

- प्रत्येक रेड/येलो जोन के गांवों में नोड अधिकारी किए नियुक्त

**सिरसा।** एसडीएम राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में तहसील सिरसा व नाथूसरी चौपटा के सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी किसानों को अधिक से अधिक जागरूक करें कि वे पराली में आग न लगाएं।

किसानों को फसल अवशेष में आग लगाने से होने वाले नुकसान जैसे भूमि की उर्वरा शक्ति व मित्र कीट नष्ट होना, पर्यावरण को नुकसान, बुजुर्गों व छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर तथा दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक करें। बैठक में उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह सहित संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी ग्राम स्तर पर उपस्थित रहकर किसानों को जागरूक करते हुए आगजनी की घटनाओं पर रोकथाम करेंगे। प्रत्येक रेड/येलो जोन के गांवों में 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक ग्रीन जोन गांव में 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकार आवंटित गांव व किसानों का ऐप द्वारा भौतिक सत्यापन करेंगे व आगजनी की घटना पाए जाने पर ऐप के माध्यम से सूचित करेंगे।

# सरस्वती स्कूल की छात्रा ओलिविया ने तीरंदाजी में जीता रजत पदक

**विद्यालय के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा और प्राचार्या पूनम धीमान ने ओलिविया को सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना



उकलाना। ओलिविया को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा।

सरस्वती हाई स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा ओलिविया ने गांव उमरा में आयोजित जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। ओलिविया ने अंडर-14 वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा और प्राचार्या पूनम धीमान ने ओलिविया को सम्मानित करते हुए उसकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्कूल परिवार के लिए गौरव का क्षण है। ओलिविया अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, जो 2 नवंबर 2025 को गुरुग्राम में आयोजित होगी, में हिस्सा लेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि ओलिविया वहां स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम और भी रोशन करेगी।

## भोड़ियाखेड़ा में 27 व 28 को होगा आयोजन

# जिला युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला युवा महोत्सव 27 व 28 अक्टूबर को आईटीआई भोडिय़ाखेड़ा में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। सीटीएम गौरव गुप्ता ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी करवाना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को गरिमा के साथ संपन्न करवाएं। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि इस प्रतिभागी बनने के लिए 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवक-युवतियां जिला की किसी भी राजकीय आईटीआई में 24 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रतिभागी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, फोटो व बैंक खाता की प्रति लाना अनिवार्य हैं।

# सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के साथ टाटा मोटर्स का एमओयू

**कंपनी की फाइनेंसिंग को और मजबूत बनाना इस साझेदारी का उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने मंगलवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। इस साझेदारी के बारे में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड– स्मॉल कमर्शियल व्हीकल और पिक-अप पिनाकी हलदर ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य कंपनी के संपूर्ण छोटे वाणिज्यिक वाहनों और पिक-अप रेंज, जिसमें हाल ही में लॉन्च किया गया टाटा ऐस प्रो भी शामिल है, की फाइनेंसिंग को और मजबूत बनाना है।

यह सहयोग ग्राहकों के लिए वाहन स्वामित्व को और अधिक सरल, सुलभ और सुविधाजनक बनाएगा। इसके तहत उन्हें कम ब्याज दरों, सरल दस्तावेज़ी प्रक्रिया और तेज़ लोन स्वीकृति एवं वितरण की सुविधा मिलेगी।

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से नए उद्यमी और छोटे व्यवसायी कम ईएमआई का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय की शुरुआत करने और उसे आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे।

## राजा भोज और शरंदे नाई का सांग देख दर्शकों ने लिया आनंद

# सांगों में मिलती है सभ्यता और संस्कृति की झलक

**चार दिवसीय सांग श्रृंखला का तीसरा दिन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। मुख्य अतिथि एसडीएम विकास यादव को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते सतनारायण व्यास व सुभाष शास्त्री।

वार्ड चार में जींद रोड पर स्थित लाला रामभक्त भगवान परशुराम संस्कृत महाविद्यालय में व्यास सांग कला उत्थान केंद्र व शिष्य मंडली द्वारा प्रसिद्ध लोक कवि एवं महान संगीताचार्य स्वर्गीय रामकिशन व्यास नारनौंदिया के 100वें जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित चार दिवसीय सांग श्रृंखला के तीसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम विकास यादव ने रिबन काटकर सांग की शुरुआत की और सांग की अध्यक्षता कर रहे सतनारण ब्यास ने एसडीएम यादव को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि सांगों में हरियाणवी सभ्यता और संस्कृति के साक्षात दर्शन होते हैं। यह कला केवल एक मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि इसके माध्यम से हमें अपनी महान संस्कृति एवं सभ्यता की जानकारी प्राप्त होती है। हमें अपने बच्चों को भी सांग अवश्य दिखाना चाहिए इससे उन्हें हमारी संस्कृति के बारे में पता लगता है। नारनौंद निवासी स्वर्गीय सांगी रामकिशन व्यास ने अपनी उत्तम सांग कला के माध्यम से अपने गांव ही नहीं पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम पूरे भारत में रोशन किया। तीसरे दिन सांगी हनुमान की मंडली ने पंडित रामकिशन व्यास द्वारा रचित एतिहासिक सांग राजा भोज और शरंदे नाई की सांग का सुंदर मंचन किया। मुख्य अतिथि विकाश यादव द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर व्यास कला सांग उत्थान मंडली के सदस्य हनुमान शर्मा, टेकराम पार्षद, सुरेश प्रसाद, अशोक रोहिला, भीम, सतनारायण ब्यास, वीरेंद्र व्यास, राजबीर जैन खेड़ी वाले, सुभाष शास्त्री, मास्टर सतीश भोला, मास्टर जयप्रकाश व्यास, रामवतार व्यास, राजेंद्र मिढ़ा, दौलत राम नागपाल, भीरा सोनी आदि सहित अनेक लोगों ने सांग का मंचन देखा।*

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, हिसार**

तारीख पेशी 24.10.25

केस नं० / दुरूस्ती गिरदावरी दायरा तिथि

केस अनुवान:- सुनीता बनाम मनोहर लाल आदि

1. ताराचंद पुत्र पूर्ण 2. राजेन्द्र पुत्र सुरजा 3. गुडडी पुत्री सुरजा 4. हरि सिंह पुत्र रामप्रताप निवासीगण गांव साबरवास तहसील व जिला हिसार। ......उत्तरवादीगण

दरखास्त दुरूस्ती गिरदावरी निस्बत अराजी जरई बारकबा 12 कनाल 0 मरला मन्दरजा खेवट नं0 12//11, खतौनी नं0 27, 38 खसरा नम्बरान 100//11 (2-0), 12(8-0), 13 मिन पश्चिम (2-0) वाका मौजा साबरवास तहसील व जिला हिसार मुद्बाबिक फर्द जमाबंदी साल 2018-19

उपरोक्त केस इस न्यायालय में दिनांक 24.10.25 के लिए विचाराधीन है जिसमें उतरवादीगण की तामिल साधारण ढंग से होनी संभव ना है। अतः इस इश्तहार अखबार के माध्यम से सम्बन्धित को सुचित किया जाता है कि उक्त केस बारे सम्बन्धित पक्ष को कोई आपति हो तो वह इस न्यायालय में असालतन/वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपति दर्ज करवा सकता है। यदि निश्चित तिथि या इश्तहार अखबार जारी होने की तिथि से आगामी एक माह की अवधि तक यदि सम्बन्धित पक्ष द्वारा कोई आपति प्राप्त नहीं हुई तो उपरोक्त केस का नियमानुसार निप्टान कर दिया जावेग।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर सहित जारी किया गया है।

हस्ता/- तहसीलदार साधिकार सहायक कलैक्टर, हिसार

## खबर संक्षेप

### राह क्लब नारनौंद ने स्कूली छात्रों को बांटी किताबें

**नारनौंद।** राह क्लब नारनौंद की महिला अध्यक्षा डा. पूनम ने कस्बे की राजकीय प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थियों को नोटबुक, पेन, पेंसिल, रबर और अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और किसी भी विद्यार्थी की उड़ान आर्थिक सीमाओं के कारण नहीं रुकनी चाहिए।

### लक्की ने एनडीए की परीक्षा की उत्तीर्ण

**नारनौंद।** खंड क्षेत्र का गौरव बढ़ाते हुए आर्य सीनियर सेकंडरी स्कूल हैबतपुर के छात्र लक्की कुमार ने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट ना पद प्राप्त किया है।यह उपलब्धि प्राप्त होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष व गौरव की लहर दौड़ गई। विद्यालय पहुंचकर लक्की कुमार ने अपने अध्यापकों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके मार्गदर्शन व प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बताया कि लक्की कुमार अत्यंत मेहनती, अनुशासित और संस्कारित विद्यार्थी रहा है।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** जिला भर में उद्घघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस पीओ स्टाफ पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी रोहतक जिले के महम निवासी मदनलाल को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### जहरीले जानवर के काटने से मजदूर की मौत

**नारनौंद।** गांव कापड़ो में एक मजदूर 44 वर्षीय सतीश की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी मीरा के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 44 वर्षीय सतीश अपनी पत्नी मीरा के साथ पांच अक्टूबर को गांव के ही बारु के खेत में बाजरे की सीटी तोड़ने गया था। काम करते समय सतीश के दाहिने पैर में कुछ चुभ गया, जिस पर उसने ध्यान नहीं दिया। देर रात पैर में दर्द बढ़ने पर परिजन उसे खेड़ी चौपटा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसे किसी जहरीले कीड़े ने काटा है।

### चैनत में खेत से कृषि उपकरण चोरी

**हांसी।** हांसी-बरवाला रोड स्थित चैनत गांव में अज्ञात चोर खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे रखे कृषि यंत्र अन्य कीमती सामान चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर भाटला पुलिस चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर खेत मालिक अजमेर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात से क्षेत्र के किसानों में रोष है। किसानों का कहना है कि खेतों से ट्यूबवेल की बिजली की तारों व खेतों में रखे कृषि यंत्रों की चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं।

## हिसार में ट्रैक एंड फील्ड प्रोग्राम से 39 एथलीटों को मिलेगा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

# जिंदल स्टेनलेस और आईआईएस की साझेदारी से उभरेंगे युवा खिलाड़ी

▶▶ हिसार है सेंटर देशभर के खिलाड़ियों का प्रमुख स्काउटिंग हब।
▶▶ एथलीटों को स्प्रिंट, हर्डल्स और थ्रो इवेंट्स में प्रशिक्षण मिलेगा।

**प्रोग्राम 18–25 वर्ष के प्रतिभाशाली एथलीटों पर होगा केंद्रित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने देश के अगली पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट् (आईआईएस) के साथ साझेदारी की है। आईआईएस निजी फंड के तहत संचालित भारत का पहला हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर है। जिंदल स्टेनलेस अपनी सीएसआर शाखा जिंदल स्टेनलेस फाउंडेशन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए हिसार में आईआईएस के ट्रैक एंड फील्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम की मुख्य प्रायोजक है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा भारतीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

आईआईएस का हिसार सेंटर एक प्रमुख स्काउटिंग हब है, जहां देश भर के प्रतिभाशाली एथलीटों का चयन करके उन्हें व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षित किया जाता है। 18 से 25 वर्ष के एथलीटों पर केंद्रित प्रोग्राम में स्प्रिंट, हर्डल्स और थ्रो जैसे सभी इवेंट्स में प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे खेल से जुड़ीं आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक कौशल हासिल कर सकें। हिसार में इस साल के प्रोग्राम के बैच में 39 एथलीट शामिल हैं, जिन्हें जिंदल स्टेनलेस के सौजन्य से संपूर्ण प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। प्रोग्राम में विश्व स्तरीय सुविधाएं, विशेषज्ञों की ओर से कोचिंग, स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट, न्यूट्रीशियन और चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता शामिल है।


प्रैक्टिस करता खिलाड़ी।


हांसी। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता छात्रा नीति बराक मेडल के साथ ।

### होली चाइल्ड की कनिका का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा कनिका ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया है। कनिका ने जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता (लॉन्ग जंप - 16 आयु वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा एवं डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कनिका ने 3.65 मीटर की लंबी छलांग लगाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि न केवल उनके कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के खेल विभाग और प्रशिक्षकों के समर्पण का भी प्रतीक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कनिका को उनकी इस सफलता पर बधाई दी। विद्यालय के निदेशक आरएस सिंधु ने भी कनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। विद्यालय के अनुभवी खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने कनिका को बधाई दी।


हिसार। विद्यालय के निदेशक आरएस सिंधु के साथ छात्रा कनिका।

### श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल की नीती ने जीता गोल्ड

■ नीती राष्ट्रीय स्तर पर एसजीएफआई टूर्नामेंट के लिए चयनित

**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं (आर्ट्स) की छात्रा नीती बराक ने एक बार फिर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीती बराक ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई अंडर-19 की बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नीती बराक ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और खेल कौशल के दम पर पूरे राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपना नाम का चयन राष्ट्रीय स्तर के एसजीएफआई टूर्नामेंट के लिए पक्का किया है। विद्यालय के चेयरमैन राजपाल यादव व स्कूल प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने नीती बराक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि नीती बराक राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर की जयंती राज्य स्तर पर मनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी ने बंदई संप्रदाय राष्ट्रीय संयोजक डॉ. शिव शंकर पाहवा को पत्र लिखकर बाबा बंदा सिंह बहादुर की जयंती 27 अक्टूबर को राज्य स्तर पर मनाए जाने की मांग रखी है। गौरव भुटानी ने बताया कि बंदा सिंह बहादुर का भारत के इतिहास में बहुत बड़ा योगदान है। उनका इतिहास राज्य के स्कूलों में बताया जाना चाहिए। यह जानकारी विभिन्न गतिविधियों जैसे के चर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, काव्य विधा, चित्रकला, जीवनी आदि माध्यम से बताई जा सकती है। भुटानी ने कहा कि इस संबंध में वे सरकार के समक्ष अपनी बात रखें। यह कार्य जिला स्तर पर और गुरुद्वारों में संप्रदाय की जिला समिति द्वारा भी किए जाने की आवश्यकता है। नई पीढ़ी इतिहास से दूर होती जा रही है। समय की मांग है कि बच्चों को अच्छी राह पर लाने का प्रयास किया जाए। बन्दई सम्प्रदाय की ज़िला स्तर पर समितियां बनाकर बच्चों को गुरुमुखी का ज्ञान भी दिया जाए।


गौरव भुटानी।

# आईपीएस पूरन कुमार केस की सीबीआई से जांच हो

■ आठ दिनों से वाई पूरन कुमार के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है
■ जल्द ही एफआईआर में नाम दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कांग्रेस ओबीसी सेल के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा ने आईपीएस वाई पूरन कुमार के मामले में न्यायिक जांच अथवा सीबीआई की जांच की मांग है। उन्होंने कहा कि सात दिनों से वाई पूरन कुमार के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। आईपीएस अधिकारी के परिजन न्याय की गुहार है जिन अधिकारियों के एफआईआर में नाम दर्ज करके उन्हें जल्द से जल्द उन्हें खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### पूरन कुमार एक निष्ठावान अधिकारी थे



सुभाष वर्मा ने कहा कि वाई पूरन कुमार एक ईमानदार और निष्ठावान अधिकारी थे जो हमेशा दूसरों को न्याय दिलाने के लिए काम करते थे। आज वही अधिकारी प्रशासनिक उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव के शिकार हो कर अपनी जान गवां बैठे और उनकी पत्नी स्वयं आईएएस अधिकारी है, इसके बावजूद सरकार उन्हें न्याय नहीं दे रही है, यह हरियाणा सरकार की नाकामी है।

## जहाजपुल गवर्नमेंट स्कूल के शिक्षक और छात्र करेंगे स्वच्छता के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम हिसार द्वारा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जहाजपुल में एक अध्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता विशेष अधिकारी हरबीर, जिला संयोजक लक्ष्मण श्योराण, प्रिंसिपल सत्येंद्र सिंह, नवीन कुमार, हीरो सिंह, स्वराज, कमला, सुषमा, सोनिया आदि अध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और शिक्षकों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।


हिसार। शिक्षकों को जागरूक करते स्वच्छता विशेष अधिकारी हरबीर।

### स्वच्छता अपनाने से छात्र स्वतः प्रेरित होंगे

*स्वच्छता विशेष अधिकारी हरबीर ने कहा कि स्कूल स्टाफ से अभियान की शुरुआत करना इसलिए जरूरी है क्योंकि शिक्षक समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके माध्यम से छात्र एवं अभिभावक भी जागरूक किए जा सकते हैं। यदि शिक्षक स्वयं स्वच्छता की आदतें अपनाते हैं, तो छात्र स्वतः प्रेरित होंगे। स्वच्छता विशेष अधिकारी हरबीर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर चिंता जताते हुए इसे पूरी तरह बंद करने की अपील की।*

## मूंग-बाजरे की खरीद शुरू करने, डीएपी और नुकसान भरपाई के लिए किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के बालसमंद क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को सब तहसील कार्यलय बालसमंद पर प्रदर्शन किया। किसानो ने अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार अजय को दिया और किसानों की मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

अखिल भारतीय किसान संगठन के प्रधान एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास ने बताया कि एक दिवसीय धरने का संचालन बलराज बिजला की अध्यक्षता में किया गया। किसान नेता संदीप ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द मूंग बाजरे की खरीद शुरू करे। क्षेत्र में जलभराव व अत्यधिक बारिश के कारण फसलों में भारी नुकसान हुआ है। किसानों को उचित मुआवजा और बारिश से टूटे गिरे आमजन के घरो दुकानों का आर्थिक नुकसान लाभ दिलाया जाये। क्षेत्र में डीएपी खाद की भारी किल्लत है। हर गांव में डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जाए।


हिसार । मांगों का ज्ञापन सौंपते किसान।

### किसानों पर लाठीचार्ज की होनी चाहिए जांच

किसानों ने भाद्रा में डीएपी के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठीचार्ज करने के मामले में कार्रवाई की मांग भी की। बलराज बिजला ने बताया कि निजी बैंकों द्वारा किसान फसल प्रीमियम राशि काटने के बाद भी फसल बीमा पालिसी नंबर जारी नहीं किया गया है। ऐसे में किसानों ने बैंक द्वारा पॉलिसी जारी करवाने की मांग उठाई। किसानो ने उपायुक्त के नाम नायब तहसीलदार अजय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि जल्द किसानो की मांग पूरी नहीं हुई तो किसान बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे।


हिसार : पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत व अन्य।

### फतेहचंद कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में योग विभाग, दर्शन विभाग, पुस्तकालय विभाग तथा अद्वैत बोध केन्द्र, हिसार के संयुक्त तत्वाधान में प्रेरक पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि डिजीटलीकरण के युग में ज्ञानवर्धन में पुस्तकों का अपना अलग ही महत्व है। पुस्तकें हमसे लेती कुछ भी नहीं बल्कि हमारे ज्ञान को बढ़ाती है। इस अवसर पर नारी शक्ति विमर्श, अद्वैत वेदांत, विद्यार्थी जीवन, और युवा शक्ति को आहवान करने संबधी विभिन्न विषयों से संबधित पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं के द्वारा बड़े उत्साह के साथ पुस्तकों का अवलोकन कर बड़ी संख्या में पुस्तकें खरीदी गई।

## जाट कॉलेज में विद्यार्थियों ने दिखाया टेलेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

**विद्यार्थियों ने नृत्य व गायन की प्रस्तुतियां देकर छाप छोड़ी**

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में मंगलवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य व गायन की प्रस्तुतियां देकर अपनी छाप छोड़ी। महाविद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ कृष्ण लाल ने बताया कि दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम में साहित्यिक, फाइन आर्ट, गायन, नृत्य व अन्य विधाओं के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने रुचि दिखाई।



हिसार । प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों का होता विकास

*इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं तथा एक सकारात्मक ऊर्जा देने का काम करते हैं। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में डॉ बिमला लाठर ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डॉ नेहा डांगी, डॉ चेतना दुल तथा डॉ मोनिका बिश्नोई ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।*

## 74 साल की वृद्धा को दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेक्टर-16-17 स्थित मेडीसिटी अस्पताल के डॉ. आर कुमार ने 74 साल की वृद्धा का सफल इलाज करके उसे नया जीवनदान दिया है। जानकारी के अनुसार सिरसा के गांव केसुपुरा की 74 वर्षीय वृद्धा अमनप्रीत कौर सोमवार को अपने घर में अचानक सिर के बल गिरने से बेहोश हो गई थी और वह कौमा में चली गई। वृद्धा के परिजनों ने अमनप्रीत कौर को सिरसा समेत हिसार के कई अस्पतालों में दिखाया, लेकिन हर किसी ने कहा कि इसमें कुछ नहीं है, घर ले जाओ। उनका मन नहीं माना और आखिर में वे सेक्टर-16-17 स्थित मेडीसिटी अस्पताल के संचालक एवं शहर के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. आर कुमार के पास पहुंचे।


हिसार । मरीज अमनप्रीत कौर का हालचाल जानते डॉ. आर कुमार।

### परिवार की सहमति से किया ऑपरेशन

डॉ. कुमार ने बताया की मरीज के दिमाग में खून का काफी क्लॉट जमा हुआ है और ऑपरेशन करना होगा। डाक्टर के भरोसा दिलाने पर परिजन मरीज का ऑपरेशन कराने के लिए हुए तैयार। परिवार की सहमति के बाद ही वृद्धा का सफल ऑपरेशन किया गया।

### पुलिस आज करवाएगी स्कूलों में रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में पुलिस की ओर से 15 अक्टूबर को रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले भर के 882 शिक्षण संस्थानों से लगभग एक लाख 52 हजार 248 विद्यार्थी भाग लेंगे। परीक्षा को चार स्तरों में विभाजित किया गया है। इसके तहत प्रथम स्तर में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, द्वितीय स्तर में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी, तृतीय स्तर में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी तथा चौथे स्तर में कॉलेज स्तर के विद्यार्थी शामिल होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## डॉ. अंकित कुमार सम्मेलन में उत्कृष्ट शोध के लिए 'यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड' से सम्मानित

# जबलपुर में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में लुवास ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्पलैक्स के शिक्षकों व वेटरनरी मेडिसिन विभाग के विद्यार्थियों ने जबलपुर में आयोजित वीआइपीएमकॉन—2025 में शानदार प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुआ। इस सम्मेलन में वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स के डॉ. अंकित कुमार को पशु चिकित्सा एवं पशु कल्याण अनुसंधान में उत्कृष्ट शोध के लिए 'यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।वेटरनरी मेडिसिन विभाग के डॉ. रत्नेश्वर और डॉ. अवनी को 'बेस्ट पोस्टर अवार्ड' मिला।


हिसार । अवार्ड प्राप्त करने वाली लुवास टीम को बधाई देते कुलपति प्रो. विनोद कुमार

### लुवास की उल्लेखनीय उपलब्धि

मेडिसिन विभाग की पूरी टीम की उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या अग्निहोत्री और सभी शिक्षकों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि इन सभी उपलब्धियों से यह स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय अनुसंधान, शिक्षण एवं नैदानिक सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है। लुवास के लिए यह भी गर्व का विषय है कि लुवास के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु इस सोसायटी में मीडिया सचिव के पद पर सेवाएं दे रहे है।

### कुलपति ने काउंसलिंग प्रक्रिया का किया निरीक्षण



**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के ऑडिटोरियम में मंगलवार को बीवीएससी एंड एएच पाठ्यक्रम की काउंसलिंग का आयोजन किया गया। यह काउंसलिंग एनईईटी के मेरिट स्कोर के आधार पर आयोजित की गई, जिसमें कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस, लुवास की सभी सीटों के साथ-साथ विश्वविद्यालय से संबद्ध निजी वेटरनरी कॉलेजों की सीटों पर भी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर लुवास के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने कुलसचिव डॉ. एस.एस. ढाका, कम्पट्रोलर विकास खरब एवं सिक्योरिटी ऑफिसर डॉ. संदीप गुप्ता के साथ काउंसलिंग स्थल का निरीक्षण किया।